PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Navbharat Times, Delhi
Wed, 16 Aug 2017, Page 1
Width: 33.70 cms, Height: 28.14 cms, a3r, Ref: 8.2017-08-16.8

'गाली, गोली नहीं, गले लगाने से मिलेगा कश्मीर का हल'

■ **विस, नई दिल्ली :** मंगलवार को 71वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कश्मीर समस्या का हल गाली या गोली से नहीं, बल्कि कश्मीरियों को गले लगाने से निकलेगा। उन्होंने साफ किया कि आतंक के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। अलगाववादियों को आड़े हाथों लेते हुए पीएम ने कहा कि मुट्ठीभर लोग घाटी का माहौल खराब कर रहे हैं।

मोदी ने कहा कि तीन तलाक के खिलाफ आंदोलन कर रही महिलाओं को पूरे देश का साथ मिलेगा। उन्होंने कहा, आस्था के नाम पर हिंसा ठीक नहीं, जातिवाद का जहर देश का भला नहीं कर सकता। मोदी ने कहा कि नोटबंदी के बाद 3 लाख करोड़ बैंकिंग सिस्टम में आए, जिसमें 1.75 लाख करोड़ संदेह के दायरे में हैं। पीएम ने 56 मिनट भाषण दिया, जो स्वतंत्रता दिवस पर दिया गया उनका अब तक का सबसे छोटा संबोधन है। इस मौके पर उन्होंने किसी बड़ी योजना का ऐलान नहीं किया। ▸▸ पेज 9

प्रधानमंत्री जी, ये 5 मुद्दे रह गए अनछुए

■ **नरेंद्र नाथ, नई दिल्ली :** पीएम ने अधिकतर मुद्दों को छुआ, लेकिन फिर भी वह कुछ ऐसे मसलों को बिना छुए निकल गए, जिन्हें लेकर देश का बड़ा तबका टकटकी लगाए बैठा था। ये हैं वे पांच मुद्दे :

1. चीन से मौजूदा सीमा विवाद पर कुछ नहीं बोले।
2. किसी महत्वाकांक्षी योजना का जिक्र नहीं किया।
3. तीन तलाक और गोरक्षा जैसे विवादित मुद्दों पर बोले तो लेकिन विस्तार से बात नहीं की।
4. महंगाई या घटती जॉब के मुद्दे को नहीं छुआ।
5. इलेक्शन रिफॉर्म को लेकर एक शब्द नहीं कहा।